an>

Title: Need to provide reservation quota in admission for scheduled castes and scheduled tribes in Aligarh Muslim University and Jamia Millia University.

**प्रो.चिंतामणि मालवीय (उज्जैन) :** सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, इस देश में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिक विश्वविद्यालय, जो 100 प्रतिशत सरकार अनुदान से चलते हैं, लेकिन इन विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति और जनजाति को कोई आरक्षण शैक्षणिक प्रवेश के लिए नहीं है। 50 प्रतिशत सीट्स अल्पसंख्यकों के लिए हैं और शेष सबके लिए खुली हैं। चूंकि ये विश्वविद्यालय सरकारी अनुदान से चलते हैं, इसलिए मेरा आग्रह है कि इनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को भी प्रवेश मिले, उनको आरक्षण मिले और यदि यह संभव न हो तो सरकार इन संस्थाओं का अल्पसंख्यक दर्जा समाप्त करे क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश में जो इस प्रकार की धर्म आधारित संस्थाएं बनती हैं, वे वास्तव में जो हमारा शुद्ध लोकतंत्र है, शुद्ध धर्मनिरपेक्षता है, उस पर कलंक हैं। इसलिए ऐसा मैं आग्रह करता हूं। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON:

*m02

Shri Bhairon Prasad Mishra,

*m03

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

*m04

Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Prof. Chintamani Malviya.